Need to introduce superfast train service between Silchar and New Delhi.- laid

श्री परिमल शुक्लबैद्य (सिल्चर) : सिलचर, जो कि दक्षिण असम का एक महत्वपूर्ण शहर है, यहां की लगभग 20 लाख की जनसंख्या को देश की राजधानी जाने के लिए असुविधाजनक और समय लेने वाली यात्रा करनी पड़ती है । विशेष रूप से, छात्रों, व्यापारियों और रोगियों को यात्रा करने में गंभीर कठिनाइयाँ आती हैं । नई दिल्ली और सिलचर के बीच वंदे भारत या राजधानी जैसी सुपरफास्ट ट्रेन सेवा की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है । यह सेवा न केवल यात्रा के समय को कम करेगी, बल्कि यह हमारे क्षेत्र की जनता को अधिक आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा का अवसर भी प्रदान करेगी । इसके अतिरिक्त यह क्षेत्रीय विकास को भी बढ़ावा देगी और उत्तर-पूर्वी भारत की मुख्यधारा से बेहतर जुड़ाव स्थापित करेगा । सिलचर और नई दिल्ली के बीच सुपरफास्ट ट्रेन सेवा के शुरू होने से न केवल सिलचर, बल्कि मिजोरम, मणिपुर, बराक घाटी के तीन जिलों और मेघालय के एक बड़े हिस्से, विशेष रूप से जयंतिया हिल्स जैसे क्षेत्रों को भी महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा । वर्तमान में इन क्षेत्रों को रेल कनेक्टिविटी से वंचित रहने के कारण लोग कई कठिनाइयों का सामना करते हैं । सुपरफास्ट ट्रेन सेवा इन क्षेत्रों के लोगों के लिए एक नई दिशा और सुविधा प्रदान करेगी ।